नोएडा LIVE
रविवार, 17 मई 2020

तैयारी : ग्रेनो मेट्रो कल से चलने की संभावना

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा लाइन पर मेट्रो सोमवार से चल सकती है। अभी सात ट्रेन ही 15-15 मिनट के अंतराल में चलाई जाएंगी। रविवार को सभी स्टेशन के मैनेजर और बाकी स्टाफ को मीटिंग के लिए बुलाया गया है। मेट्रो चलने पर कंटेनमेंट जोन में पड़ने वाले मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे। कोविड-19 के लक्षण मिलने या तापमान 37.7 से अधिक मिलने पर संबंधित व्यक्ति को स्टेशन में प्रवेश नहीं मिलेगा।

लॉकडाउन के कारण नोएडा-ग्रेनो लाइन पर भी 22 मार्च से मेट्रो नहीं चल रही है। अब पूरी उम्मीद है कि लॉकडाउन-4 के तहत केंद्र सरकार सोमवार से मेट्रो चलाने की अनुमति दे देगी। इसी को देखते हुए एनएमआरसी ने भी मेट्रो चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो सोमवार से मेट्रो चल सकती है।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि इस लाइन पर कंटेंटमेंट जोन में आने वाले स्टेशन बंद रहेंगे। पब्लिक नोटिस ओर वेबसाइट के जरिए लोगों को इन स्टेशन की सूचना दे दी जाएगी। अभी 15-15 मिनट के अंतराल मे मेट्रो चलाई जाएगी। राइटरशिप बढ़ने पर फ्रीक्वेंसी का समय कम किया जाएगा।

• कंटेनमेंट जोन के स्टेशन बंद रहेंगे

टिकट व्यवस्था पहले जैसी

उन्होंने बताया कि स्टेशन पर आकर टिकट लेने के साथ-साथ लोग एनएमआरसी के मोबाइल एप के जरिए भी टिकट बुक कर सकते हैं। एप के जरिए बुकिंग करने पर स्टेशन में कम समय लगेगा। जरूरत पड़ने पर सवारियों को सेनेटाइजर भी दिया जाएगा। कोरोना से संबंधित लक्षण होने पर मेट्रो में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

स्टेशन हर दो घंटे में संक्रमण मुक्त होगी : उन्होंने बताया कि सेक्टर 50, 51, 76, परी चौक, नॉलेज पार्क 2 और डिपो स्टेशन में 2 दरवाजे ओर बाकी स्टेशन पर एक-एक दरवाजे से ही सवारियों को प्रवेश ओर निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेशन और ट्रेन को हर 2-2 घंटे में सेनेटाइज किया जाएगा। सवारियों के बीच एक मीटर दूरी रखी जाएगी। स्टेशन में प्रवेश से पहले हर सवारी की थर्मल स्क्रीनिंग होगी।